खण्ड : 15 संख्या : 23

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## भाग—1

## (कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

सत्यमेव जयते

सोमवार, तिथि : 26 अप्रैल, 1999

# पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई

*706. श्री शिवनाथ वर्मा– क्या मंत्री, नगर विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा क्षेत्रीय विकास प्राधिकार द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न सड़कों की मरम्मती के मद में 2 करोड़ रू. का भुगतान अप्रैल, 1998 में संबंधित ठीकेदारों को किया;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य के आदेश बीस–सूत्री कार्यक्रम समिति में दरभंगा के जिलाधिकारी को खंड–1 में वर्णित अनियमित भुगतान की जांच कर कार्रवाई करने के लिए तत्कालीन प्रभावी 20–सूत्री कार्यक्रम समिति द्वारा आदेश दिया गया;

(3) क्या यह बात सही है कि जिलाधिकारी दरभंगा ने अपने जांच के क्रम में खंड–1 में वर्णित तथ्यों को सही पाया और संबंधित पदाधिकारियों/अभियंताओं के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए अनुमति हेतु सरकार को मई, 1998 में लिखा परन्तु अभी तक अनुमति नहीं मिली है;

(4) यदि उपयुक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक अनियमितता के लिए जिम्मेवार पदाधिकारियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का विचार रखती है ?

**श्री श्रीनारायण यादव** : महोदय, इसका लिखित उत्तर भेज दिया जायेगा।

**श्री शिवनाथ वर्मा** : लिखित उत्तर कब तक भेज दिया जायेगा।

**श्री श्रीनारायण यादव** : एक सप्ताह के अंदर आपको मिल जायेगा।

**श्री संकटेश्वर सिंह** : महोदय, केवल पी.एच.ई.डी. विभाग ने गंभीरता से लिया है, बाकी सब विभाग खत्म है।

—